an>

Title: Need to construct Railway Over Bridge on level crossings at Samba and Vijaypur in Jammu Parliamentary Constituency in Jammu and Kashmir.

श्री जुगल किशोर (जम्मू) ः मेरे संसदीय क्षेत्र जम्मू (जम्मू एवं कश्मीर) के अंतर्गत साम्बा और विजयपुर दो ऐसे स्थान हैं, जहाँ रेलवे फाटक की वजह से गाड़ियों को घंटों खड़े रहना पड़ता है। इस कारण कई बार गाड़ियों में बीमार लोग एवं गर्भवती महिलाओं को समय पर अस्पताल पहुंचने में अत्यधिक कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है।

अतः मेरी रेल मंत्रालय से प्रार्थना है कि साम्बा और विजयपुर में शीघ्रातिशीघ्र रोड ओवर ब्रिज बनाया जाये ताकि लोग परेशान न हों।